www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.c

28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.935g

चांदी 106,000kg


2 वैवाहिक संबंधों में विश्वास का खात्मा, इस दुनिया में किस पर करें भरोसा?

मेडिकल कॉलेज में छात्रों के बीच मारपीट 04



वर्ष :08 | अंक :352 | मुंबई , शुक्रवार , 13 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए


# अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन क्रैश, 240 लोगों की मौत

## ब्रिटिश नागरिक समेत 2 लोग जिंदा बचे,एअर इंडिया की फ्लाइट लंदन जा रही थी, 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश सवार थे; पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन

**प्लेन क्रैश**

**हवाई अड्डे के परिसर से धुएं का घना बादल उठता देखा गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया, ऐसा लग रहा है कि विमान दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है।**

एजेंसी

अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें सवार सभी 242 लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी एपी ने गुजरात पुलिस कमिश्नर के हवाले से यह जानकारी दी। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी।केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था। एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर अक-171 ने दोपहर 1:38 बजे उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह क्रैश हो गई। जानकारी के मुताबिक विमान एयरपोर्ट की दीवार और एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। अहमदाबाद प्लेन क्रैश में, सड़कों पर लाशें बिखरीं, शरीर जले- पहचानना मुश्किल गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश में 100 से ज्यादा यात्री मारे गए हैं। अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान में 242 यात्री सवार थे। हादसे के बाद पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से लेकर पहुंचे शव, अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी अहमदाबाद प्लेन क्रैश होने के बाद हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया जा रहा है। अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से शवों को ले जाया जा रहा है। अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी होने के बाद ब्लड डोनेशन की अपील की है।

### सरकार पीड़ितों के साथ :प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की है। उन्होंने उनसे अहमदाबाद जाकर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि विमान दुर्घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जाए। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास मेघानीनगर में गुरुवार दोपहर 242 यात्रियों को लेकर जा रहा एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एयरपोर्ट परिसर से धुएं का घना बादल उठता देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की है। उन्होंने उनसे अहमदाबाद जाकर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि विमान दुर्घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जाए। राममोहन नायडू के कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से बात की और अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की घटना का जायजा लिया।

### राहुल गांधी ने घटना को बताया हृदय विदारक, अखिलेश ने तुरंत स्पष्टीकरण की मांग की



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना को दिल दहला देने वाला बताया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मौजूदा स्थिति के बीच जमीनी स्तर पर हर संभव मदद करने का आग्रह किया। 232 यात्रियों और 10 चालक दल के सदस्यों को ले जा रहा बोइंग विमान गुरुवार को दोपहर करीब 2:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मेघानीनगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा: अहमदाबाद एयर इंडिया दुर्घटना दिल दहला देने वाली है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता महसूस हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन क्षण में मेरी संवेदनाएँ उनमें से प्रत्येक के साथ हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं - हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताई संवेदना**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूँ। यह एक हृदय विदारक आपदा है। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद राष्ट्रपति ने अपनी संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूँ। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ प्रभावित लोगों के साथ हैं।



### विमान दुर्घटना स्थल पर पहुंचे नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, बोले- हादसे की जांच होगी



*केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल पर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। स्थिति का जायजा लेने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि हादसे की जांच होगी, मौत का आंकड़ा बताना फिलहाल मुश्किल है। मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि हम निष्पक्ष और गहन जांच करेंगे और पता लगाएंगे कि यह घटना क्यों हुई। हमें अभी भी संख्या का पता लगाना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह जानकर बहुत दुख हुआ कि (भाजपा नेता) विजय रूपानी भी वहां मौजूद थे, साथ ही अन्य नागरिक भी थे। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस दुखद और भयावह घटना से पूरी तरह हिल गया हूँ। मैं अभी भी सदमे में हूँ। प्रधानमंत्री ने मुझे फोन करके घटनास्थल पर आने को कहा है। इस समय मैं सिर्फ यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच सकता हूँ। बचाव कार्य में कई एजेंसियाँ लगी हुई हैं। मैं अभी संख्या के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। हम हर संभव मदद कर रहे हैं।*

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश, सलमान का इवेंट कैंसिल:कहा- मुश्किल वक्त में देश के साथ हूं; अक्षय की फिल्म कन्नप्पा का ट्रेलर रिलीज डेट भी टली**

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी की चपेट में दिल्ली-एनसीआर, तापमान 52 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर रेड अलर्ट जारी

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में आज भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी है, क्योंकि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बढ़ते पारे के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र सहित उत्तर-पश्चिम भारत में 13 जून तक लू चलने की संभावना है। इसका मतलब है कि इन राज्यों के निवासियों को 14 जून से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। दिल्ली और एनसीआर के अस्पतालों, खासकर गुड़गांव और नोएडा में, हीटस्ट्रोक और निर्जलीकरण के मामलों में वृद्धि की सूचना मिली है। डॉक्टरों का कहना है कि वे प्रतिदिन कम से कम 1-2 ऐसे रोगियों को देख रहे हैं, जिनमें तेज बुखार, मतली, निम्न रक्तचाप और भटकाव जैसे लक्षण हैं। राष्ट्रीय राजधानी भीषण गर्मी और लू की चपेट में है और तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके मद्देनजर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

### रिश्वत मांगने के आरोप में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने पिछले साल नवंबर में एक व्यक्ति को मादक पदार्थ से जुड़े मामले में नहीं फंसाने के लिए उससे रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस के दो अधिकारियों और एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने दिल्ली पुलिस के उपनिरीक्षक संजीव कुमार, सहायक उपनिरीक्षक किरोड़ीमल और हेड कांस्टेबल संजय कुमार के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति मलिक ने नौ जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया रिकॉर्ड में पर्याप्त सामग्री और साक्ष्य मौजूद हैं, जो दर्शाते हैं कि शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग करने के लिए आरोपियों ने आपराधिक साजिश रची थी और रिश्वत की रकम संजय कुमार ने स्वीकार की थी।

शिकायत के मुताबिक, आरोपी पुलिस अधिकारियों ने पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी के दरियागंज इलाके में दर्ज एक अलग मामले में शिकायतकर्ता के दो दोस्तों को गिरफ्तार नहीं करने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोप है कि आरोपी पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को धमकी दी थी कि अगर उसने रिश्वत की रकम नहीं दी तो वे उसे फंसा देंगे। न्यायमूर्ति मलिक ने संजीव और किरोड़ीमल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उनके खिलाफ दी गई अभियोजन मंजूरी को अवैध बताते हुए मामले में उन्हें बरी करने का अनुरोध किया था।

# भारत की तकनीकी और डिजिटल प्रगति की पीएम मोदी ने की सराहना

### युवाओं को दिया श्रेय

**अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम मोदी ने माईगव पोर्टल का एक पोस्ट साझा किया, जिसमें बताया गया है कि कैसे भारत दुनिया का अगला प्रौद्योगिकी महाशक्ति बन सकता है और इस क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं।**



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत की डिजिटल और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि देश नवाचार और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि डिजिटल प्रगति भी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में देश के प्रयासों को मजबूत कर रही है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम मोदी ने माईगव पोर्टलका एक पोस्ट साझा किया, जिसमें बताया गया है कि कैसे भारत दुनिया का अगला प्रौद्योगिकी महाशक्ति बन सकता है और इस क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत के युवाओं की मदद से हम नवाचार और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के हमारे प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है। भारत ने यूपीआई लेनदेन की मात्रा में 2500 गुना वृद्धि दर्ज की है, आंकड़ों से पता चलता है कि यूपीआई लेनदेन जो अप्रैल 2017 में 0.93 करोड़ था, अप्रैल 2025 तक बढ़कर 1867.70 करोड़ हो गया।

# राजा की हत्या का मास्टरमाइंड राज कुशवाह

## सोनम की शादी के 11 दिन पहले प्लान किया मर्डर; वारदात के बाद 14 दिन इंदौर में रही सोनम

एजेंसी

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मास्टरमाइंड सोनम का प्रेमी राज कुशवाह है। उसने राजा और सोनम की शादी के 11 दिन पहले मर्डर का प्लान बना लिया था। मर्डर के बाद सोनम 25 मई से 8 जून तक इंदौर में रही। इसके बाद राज के साथ ही गाजीपुर गई।यह खुलासा मेघालय पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने किया है। मेघालय पुलिस राजा रघुवंशी मर्डर केस से जुड़े सवालों के जवाब प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दे रही है।बता दें कि 11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात हुई थी। 2 जून को राजा का शव मिला था। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी।इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ था।



### पूर्व विधायक राजा के परिजन से मिलने पहुंचे

पूर्व विधायक राजवर्धन सिंह दत्तीगांव राजा रघुवंशी के परिजन से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस घटना से इंदौर और प्रदेश का नाम खराब हुआ।घटना दिल को झकझोर देने वाली है। मां-बाप को चाहिए कि वह जिम्मेदार बनकर ऐसी घटनाओं को आगे न बढ़ने दें। शिलॉन्ग पुलिस ने दावा किया- प्लान-ए के मुताबिक, तीनों किलर्स भी वहां मौजूद होंगे। इसी बीच सेल्फी लेने के बहाने सोनम राजा को खाई में धक्का दे देगी। लेकिन, बारिश और अंधेरा होने के कारण प्लान-ए कैंसिल करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने प्लान-ए के बाद प्लान-बी पर काम किया। इसके तहत अगले दिन राजा को पहाड़ पर ले जाकर मार दिया। हत्या के बाद सभी आरोपी क्राइम सीन से 11 किमी दूर इकट्ठा हुए थे।

# पंजाब में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की कार में लाश मिली

## युवक पार्किंग में छोड़कर भागा; आतंकी डल्ला ने अश्लील कंटेंट पर धमकी दी थी

### बदबू आने पर खुलासा हुआ

**सहारा जन सेवा संस्था के वॉलंटियर संदीप सिंह ने बताया कि उन्हें बुधवार रात को एक कॉल आई थी। बताया गया कि बठिंडा-बरनाला रोड पर आदेश अस्पताल की पार्किंग में एक कार खड़ी है, जिसमें से तेज बदबू आ रही है। जब वह मौके पर पहुंचे, तो वहां एक ईऑन कार खड़ी थी। कार के अंदर एक महिला की डेड बॉडी थी, जो काफी पुरानी लग रही थी। कार लॉक थी।**



एजेंसी

लुधियाना/बठिंडा , पंजाब की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की मौत हो गई। उसकी लाश बठिंडा में एक अस्पताल की पार्किंग में कार से मिली। घटना का एक वीडियो वीडियो सामने आया है, जिसमें 10 जून को सुबह 5:33 बजे एक कार अस्पताल की पार्किंग में आती हुई दिख रही है। एक सिख युवक कार पार्क करके वहां से चला जाता है। अभी यह सामने नहीं आया है कि कमल कौर की हत्या किसने की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कमल कौर (30) लुधियाना की रहने वाली थीं। वह इंस्टाग्राम पर अक्सर विवादित और अश्लील रील बनाती थी। उसके इंस्टाग्राम पर 3.86 लाख फॉलोअर्स हैं। अश्लील कंटेंट को लेकर 7 महीने पहले आतंकी अर्श डल्ला ने कमल कौर को मारने की धमकी दी थी। फिलहाल परिवार के लोग घटना पर कुछ नहीं बोल रहे। गुरुवार को बठिंडा में कमल कौर का अंतिम संस्कार किया गया। हमने कार का लॉक खोला। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

**नागरिकता** | **बांग्लादेशियों को वापस उनके देश में धकेल कर रहेंगे: हिमंत बिस्व**

# एनआरसी में नाम होना नागरिकता की गारंटी नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि राज्य सरकार की मौजूदा नीति विदेशियों को वापस भेजने की है, भले ही उनका नाम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) में हो। सरमा ने कहा कि असम में जिस तरह से एनआरसी में नाम शामिल किए गए हैं, उससे इसे लेकर संदेह की काफी गुंजाइश है और यह किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने के लिए एकमात्र दस्तावेज नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने दरांग में एक कार्यक्रम से इतर कहा, कई लोगों ने अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करके एनआरसी में अपना नाम दर्ज कराया है, इसलिए हमने यह नीति अपनाई है कि अगर प्राधिकारी पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि संबंधित व्यक्ति विदेशी है, तो उसे वापस भेज दिया जाएगा। सरमा ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से इस बात से सहमत नहीं हूं कि एनआरसी में नाम होना ही यह निर्धारित करने के लिए पर्याप्त है कि कोई व्यक्ति अवैध प्रवासी नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक हर्ष मंदर दो साल तक असम में रहे थे और उन्होंने राज्य के कुछ युवाओं को शिक्षा के लिए अमेरिका और इंग्लैंड भेजा था तथा उन्हें एनआरसी में हेरफेर करने के लिए प्रोत्साहित किया था। सरमा ने कहा, हमें उस समय इन साजिशों के बारे में पता नहीं था। मुख्यमंत्री बनने के बाद मुझे इन मामलों का पता चला। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात को 19 लोगों को वापस भेजा गया और बुधवार रात नौ अन्य लोगों को वापस भेजा गया। हम आपको बता दें कि पूरे असम में पिछले महीने से कई लोगों की नागरिकता पर संदेह होने के कारण उन्हें पकड़ा गया है और उनमें से कई लोगों को वापस बांग्लादेश भेज दिया गया है। इनमें से कुछ लोग पड़ोसी देश द्वारा उन्हें अपना नागरिक मानने से इंकार करने के बाद वापस लौट आए हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने आरोप लगाया है कि असम के मुख्यमंत्री जनता में भय पैदा करने के लिए जानबूझकर विदेशी अधिनियम और भारतीय नागरिकता अधिनियम को एक साथ जोड़ रहे हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैध भारतीय नागरिकों को बांग्लादेश वापस भेजने की असम सरकार की कथित कार्रवाई की निंदा की और इसे असंवैधानिक करार दिया। रकीबुल हुसैन ने कहा कि असम समझौते के प्रावधानों के अनुसार विदेशियों का पता लगाया जाना चाहिए और उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए तथा राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) इस मुद्दे को हल करने की दिशा में एक प्रक्रिया है।

> **"मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक हर्ष मंदर दो साल तक असम में रहे थे और उन्होंने राज्य के कुछ युवाओं को शिक्षा के लिए अमेरिका और इंग्लैंड भेजा था तथा उन्हें एनआरसी में हेरफेर करने के लिए प्रोत्साहित किया था।**

### जब भी देश आगे बढ़ता है तो कांग्रेस पार्टी दुख में डूब जाती है... किरेन रिजिजू का तंज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके पास मुख्य विपक्षी पार्टी के लिए कोई इलाज नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी देश आगे बढ़ता है तो कांग्रेस पार्टी दुख में डूब जाती है। भाजपा सांसद ने पिछले 11 वर्षों में भारत के विकास पर प्रकाश डाला और बताया कि भारत का निर्यात 50 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 800 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 11 साल में इतना काम हुआ है कि योजनाओं के नाम गिनना मुश्किल है। हम सभी पहलुओं में पूर्ण आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं और निर्यात भी तेजी से बढ़ा है और 800 अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

## सूचनार्थ



हिन्दी दैनिक भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

प्रकाशक अरविन्द कुमार शर्मा

UPHIN/2009/30939 UP-DAVP CODE-131980 GST- 09CAAPS7850N1ZY MAHHIN/2017/17473 MAH-DAVP CODE-133275 GST- 27CAAPS7850N1Z0 UPHIN/2020/79723 GST- 09CAAPS7850N1ZY



हिन्दी दैनिक भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

प्रकाशक अरविन्द कुमार शर्मा

UPHIN/2009/30939 UP-DAVP CODE-131980 GST- 09CAAPS7850N1ZY MAHHIN/2017/17473 MAH-DAVP CODE-133275 GST- 27CAAPS7850N1Z0 UPHIN/2020/79723 GST- 09CAAPS7850N1ZY

**भारत संवाद हिंदी दैनिक समाचार पत्र का मध्य प्रदेश में कोई संस्करण नहीं है और ना ही यहां पर हमारा कोई प्रतिनिधि है। सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि मध्य प्रदेश में भारत संवाद हिंदी दैनिक समाचार पत्र पीडिएफ के रूप में चलाया जा रहा है। उक्त विषय में पूर्व में जिलाधिकारी इंदौर और भारत के समाचार पत्र पंजीयन कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र भी प्रेषित किया जा चुका है। भारत संवाद अपने प्रतिनिधि एवं संवाददाता के लिए कभी कोई शुल्क नहीं लेता और ना ही इस तरह कोई कार्ड जारी करता है। कृपया सावधान रहें और ठगी से बचें।**

# सम्पादकीय

## राष्ट्रहित पर राजनीति का रवैया; कांग्रेस को थरूर, खुर्शीद, कनिमोरी और ओवैसी से सीखना चाहिए राष्ट्रहित

ध्यान रहे कि भारत की सामाजिक आर्थिक धार्मिक एवं भाषाई विविधता वास्तव में बेजोड़ है। भारत दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश ही नहीं बल्कि सर्वाधिक विविधतापूर्ण एवं सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र भी है। हमारे संविधान में धार्मिक भाषाई एवं अन्य अल्पसंख्यकों के लिए जिस प्रकार के अधिकार प्रदान किए गए हैं उनकी दुनिया में कोई और मिसाल नहीं मिलती। आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद वैश्विक मंचों पर अपना पक्ष रखने लिए मोदी सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को अलग-अलग देशों में भेजने की जो पहल की, वह अपने मूल उद्देश्य से भी कहीं अधिक सफल साबित हुई है। इन प्रतिनिधिमंडलों में गए सदस्यों ने न केवल पाकिस्तान के असली चेहरे को बेनकाब किया, बल्कि यह भी दशार्या कि आंतरिक स्तर पर कुछ विवादों-विभाजनों के बावजूद भारत मूल रूप से एक है। इन प्रतिनिधिमंडलों ने भारत की समावेशी संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। इसकी सबसे प्रभावी अभिव्यक्ति तब देखने को मिली, जब द्रमुक सांसद कनिमोरी के समक्ष स्पेन में भारत की राष्ट्रीय भाषा का सवाल पूछकर उन्हें असहज करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने जिस सहजता से इसका जवाब दिया कि विविधता में एकता ही भारत की राष्ट्रीय भाषा है, उससे स्वाभाविक है कि किसी खास मंशा से ऐसा सवाल पूछने वाली की बोलती बंद हो गई। उल्लेखनीय है कि कनिमोरी उस तमिलनाडु राज्य से आती हैं, जहां भाषा विशेषकर हिंदी को लेकर अक्सर विवाद छेड़ दिया जाता है। यहां तक कि उनकी पार्टी अपने संस्थापक अन्नादुरई के दौर से तमिलनाडु पर हिंदी थोपने का शोर मचाती रही है। यह सिलसिला जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरेन्द्र मोदी की सरकारों तक कायम है। कनिमोरी ने भाषा को लेकर अपने जवाब से यही रेखांकित किया कि किसी भी सूरत में राष्ट्रहित ही सर्वोपरि होना चाहिए। यह बात अलग है कि जब स्पेन की धरती पर वह भारत की धाक जमा रही थीं तो उसी दौरान उनकी पार्टी के सहयोगी और प्रख्यात अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन कन्नड़ भाषा को कमतर बताने और तमिल की श्रेष्ठता जताने का शिगूफा छेड़कर नया विवाद खड़ा करने में लगे थे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल अन्य पार्टियों के नेताओं ने भी इस मोर्चे पर सराहनीय काम किया। इसमें कांग्रेस के भी कुछ सांसद खास तौर पर शामिल हैं। अपने नेता राहुल गांधी के निरंतर शिकायती लहजे और सामान्य तौर पर नकारात्मक रवैये के बावजूद कांग्रेस सांसदों ने यही दशार्या कि भारत राजनीतिक रूप से भी पूरी तरह से एकजुट है। कांग्रेस के ऐसे सांसदों में शशि थरूर की खूब सराहना हुई। विषय के प्रति अपने विशद ज्ञान एवं उत्कृष्ट संवाद शैली के जरिये उन्होंने अनुकरणीय रूप से भारत का पक्ष रखा।

## आज का विचार

मंजिल चाहे कितनी भी
ऊँची क्यों ना हो,
उसके रास्ते हमेशा
पैरों के नीचे से ही जाते है

भारत संवाद




**मेष राशि :** आपका स्वास्थ्य कुछ नरम गरम रहने वाला है, इसलिए आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दे, लेकिन अपनी दिनचर्या में बिल्कुल बदलाव ना करें, नहीं तो बाद में आपको समस्या हो सकती हैं.

**वृष राशि:** आपकी सामाजिक पद और प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा. आप अपनी दैनिक सुख-सुविधाओं की कुछ वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकते हैं, जिससे आपके शत्रु हैरान रहेंगे, लेकिन आपको उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है.

**मिथुन राशि:** आपके लिए सावधानी सतर्कता बरतने के लिए रहेगा. आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपको समस्या हो सकती है. आप अपने घर को रेनोवेट कराने पर भी विचार कर सकते हैं, जिसमें आप अच्छा खासा धन भी व्यय करने की सोचेंगे.

**कर्क राशि:** आपके लिए धन संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है. आपको रुके हुए धन की प्राप्ति होने से आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी और आपकी मान व प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी. आपने परिवार में किसी सदस्य से यदि कोई वादा किया था, तो आप उसे पूरा करने में कामयाब रहेंगे, लेकिन अविवाहित जातकों के जीवन में आज किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है.

**सिंह राशि :** आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है. आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, लेकिन आप दूसरों की मदद बहुत ही सोच विचार कर करें, नहीं तो लोग इसे आपका स्वार्थ भी समझ सकते हैं. आप यदि आज किसी को धन उधार दे

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति प्राप्ति के लिए रहेगा. यदि आप प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं, तो आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगी और आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी साख चारों ओर फैलेगी.

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके कारण आपके स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन बना रहेगा.

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा और उन्हे उनके कार्यों से जाना जाएगा और उनकी कोई महत्वाकांक्षा भी पूरी होती दिख रही है. आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी और ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप यदि कुछ धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा.

**धनु राशि:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है. आपको दूसरों के सहयोग से किसी काम को करना बेहतर रहेगा, लेकिन आप किसी संपत्ति संबंधित विवाद में ढील ना बरतें, नहीं तो आपके लिए समस्या हो सकती है. यदि आप परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई फैसला ले

**मकर राशि:** आज का दिन आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि दिलाने वाला रहेगा. आपको जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप व्यवसाय के किसी काम को लेकर छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी.

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए मान व प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। यदि आप किसी संपत्ति का सौदा करने जा रहे हैं, तो उसके चल-अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांच लें, नहीं तो आपको समस्या हो सकती है.

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा और अपने लिए सुख भोग के साधनों की भी खरीददारी कर सकते हैं, जिसमें आप अच्छा खासा धन भी व्यय करेंगे. आपको शासक सत्ता का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन आपको किसी बाहरी व्यक्ति से अपने मन में चल रही बातों को शेयर करने से बचना होगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# वैवाहिक संबंधों में विश्वास का खात्मा, इस दुनिया में किस पर करें भरोसा?

> इन दिनों आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि पति ने पत्नी को मार दिया। पत्नी ने पति को तरबूज में जहर मिलाकर खिला दिया। बेटी ने प्रेमी के लिए पूरे परिवार को मार डाला। पिता ने दूसरी शादी करने के लिए बच्चों का गला घोंटा। यदि अपनों का ही विश्वास न रहे तो आखिर हम दुनिया में किसका भरोसा कर सकते हैं।

पति को मारकर उसके शव को नीले ड्रम में सीमेंट से ढकने वाली मेरठ की मुस्कान का केस ठंडा भी नहीं हुआ था कि इंदौर की सोनम का मामला सामने आ गया। कौन अपराधी है और कौन नहीं, अदालत किसे कितनी सजा देगी, यह वक्त बताएगा, लेकिन यह सोचकर दहशत होती है कि हनीमून के लिए मेघालय गई सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी को मरवा दिया। ससुराल वालों के साथ खुश रहना, विवाह के समय नाचना-कूदना और मन में किसी और योजना का चलना। क्या सचमुच उसने राज कुशवाहा जैसे फटेहाल प्रेमी के लिए यह सब किया या किसी और के लिए? राजा की हत्या का राज खुलने के बाद कुछ लोग एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देकर कह रहे हैं कि 90 प्रतिशत से अधिक अपराध पुरुष करते हैं और स्त्रियां तो मात्र छह-आठ प्रतिशत ही ऐसा करती हैं। क्या यह कहा जा रहा है कि जब तक 92-94 प्रतिशत स्त्रियां भी अपराध न करने लगें, तब तक इन घटनाओं की अनदेखी की जाए? अपराध को अपराध की तरह देखना चाहिए। स्त्री-पुरुष नहीं करना चाहिए। इसीलिए लंबे अर्से से मांग हो रही है कि स्त्रियों संबंधी कानूनों को लैंगिक भेद से मुक्त किया जाए। स्त्री या पुरुष, जो भी अपराधी हो, उसे सजा मिले। कई महिलाएं टीवी



डिबेट्स में कह रही हैं कि सोनम का मीडिया ट्रायल किया जा रहा है, जबकि वह राजा के घर वालों से बात कर रहा है तो सोनम और राज कुशवाहा के घर वालों से भी। जब किसी पुरुष के आरोपित बनते ही उसके परिवार वालों को रात-दिन दिखाया जाता है, तब ऐसे विचार क्यों प्रस्फुटित नहीं होते? दुष्कर्म के मामलों में महिलाओं के तो नाम बताना, चित्र दिखाना अपराध है, लेकिन पुरुषों के चित्र हर वक्त दिखाए जाते हैं। अगर वे निर्दोष साबित हो जाते हैं तो क्या उनकी और उनके परिवार की खोई प्रतिष्ठा वापस मिलती है? अनेक बार तो नौकरी तक चली जाती है। इस प्रसंग में 1988 का चर्चित इंदु अरोड़ा-अजीत सेठ कांड याद आता है। हरीश से विवाहित इंदु के अजीत से संबंध थे। उन्हें लगता था कि उनके संबंधों में इंदु के दो छोटे बच्चे रोड़ा बन रहे हैं। दोनों ने मिलकर बच्चों पर मिट्टी का तेल छिड़का और आग लगा दी। उस समय इस घटना पर भी लोगों में काफी आक्रोश जागा। जब उन्हें जेल भेजा गया तो वहां कैदियों ने उनकी पिटाई की। मेघालय की घटना से राजा रघुवंशी और सोनम के साथ उन चार लड़कों के परिवार भी तबाह हुए, जिन्हें हत्या के आरोप में पकड़ा गया है। जो किसी अपराध को अंजाम देते हैं, उन्हें यह क्यों नहीं लगता कि वे पकड़े भी जाएंगे या यह सोचते हैं कि कुछ भी करके बच निकलेंगे? पुरुषों के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था एकम न्याय फाउंडेशन की दीपिका भारद्वाज ने दो फिल्में बनाई हैं-मार्टरस आफ मैरिज और इंडियाज संस। वह पुरुष आयोग बनाने की मांग करती रही हैं। उन्होंने पत्नियों द्वारा पति की हत्या और पुरुषों की आत्महत्या के मामलों का अध्ययन किया था। इसके अनुसार देश भर में जनवरी 2023 से लेकर दिसंबर तक 306 पतियों और कई मामलों में उनके परिवार वालों की हत्या पत्नियों द्वारा की गई। इनमें से कुछ हत्याओं को आत्महत्या बताने की कोशिश की गई। एक तरफ महिलाओं के बारे में कहा जाता है कि वे बहुत सशक्त हो रही हैं, लेकिन दूसरी तरफ जैसे ही कोई स्त्री अपराध करती है, उसके बचाव में कहा जाने लगता है कि वह तो ऐसा कर ही नहीं सकती। क्यों नहीं कर सकती? आखिर वे स्त्रियां कौन हैं, जो जघन्य अपराध कर रही हैं? कई बार सोचती हूं कि किसी अपराध को साबित करने के लिए पुलिस के सामने भी कितनी चुनौतियां होती हैं। राजा की हत्या के मामले में मेघालय पुलिस को आलोचना का सामना करना पड़ा। वह जिस तरह बिना किसी प्रतिक्रिया के मामले की छानबीन करती रही, वह तारीफ के काबिल है। प्रतिक्रिया न देने पर सोनम और राजा के परिवार वाले उसकी लगातार आलोचना कर रहे थे। मेघालय में ऐसे अपराध न के बराबर होते हैं। वहां भी इस घटना पर लोगों में गुस्सा है। लोग दोनों परिवारों से माफी की मांग कर रहे हैं। कुछ कह रहे हैं कि पूर्वोत्तर को बेवजह बदनाम किया गया। लोग पूछ रहे हैं कि यदि सोनम को राजा पसंद ही नहीं था तो उससे विवाह क्यों किया? यदि उसे इसकी चिंता थी कि मना करेगी तो हृदय रोगी पिता का क्या होगा, तो क्या अब वह बहुत खुश होंगे? वह नाते-रिश्तेदारों, आसपास वालों का सामना कैसे कर रहे होंगे? आखिर हमारे समाज में भरोसे में इतनी कमी (ट्रस्ट डेफिसिट) कैसे हो गई। इन दिनों आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि पति ने पत्नी को मार दिया। पत्नी ने पति को तरबूज में जहर मिलाकर खिला दिया। बेटी ने प्रेमी के लिए पूरे परिवार को मार डाला। पिता ने दूसरी शादी करने के लिए बच्चों का गला घोंटा। यदि अपनों का ही विश्वास न रहे तो आखिर हम दुनिया में किसका भरोसा कर सकते हैं। क्या यह कहने से समस्या हल हो सकती है कि विवाह संस्था सड़-गल चुकी है और अब इससे निजात पा लेनी चाहिए। पा लीजिए, लेकिन पति को पार्टनर कहने भर से स्थितियां नहीं बदल जातीं। कोई भी संबंध हो, उसमें विश्वास और धैर्य ही काम आते हैं, जिनका लगातार लोप हो रहा है।

# पृथ्वी की उष्णता और जटिल समाधान

संजीव ठाकुर

आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।



नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे। विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# क्यों हो रहा है ठाकुर बांके बिहारी कॉरिडोर एवं सरकारी न्यास का विरोध?

(पूरन चन्द्र शर्मा)

बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर पिछले कई सालों से जमकर विरोध हो रहा है। विरोध करने वाले लोग मंदिर में पूजा-पाठ करने वाला गोस्वामी समाज हैं। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि अगर कॉरिडोर बना तो वे लोग अपने ठाकुरजी को लेकर यहां से पलायन कर जाएंगे। गोस्वामियों का कहना है कि मंदिर उनकी निजी संपत्ति है फिर इसमें सरकार दखल क्यों दे रही है? उन्होंने कॉरिडोर निर्माण के लिए ट्रस्ट बनाए जाने को लेकर सरकार की तरफ से जारी अध्यादेश को मानने से ही इनकार कर दिया है। इनका मानना है कि वृंदावन के मूल स्वरूप के साथ खिलवाड़ करने से कुंज गलियां नष्ट हो जाएंगी और वृंदावन की संस्कृति भी खत्म होगी। बांके बिहारी लाल मंदिर के सेवायत आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी का कहना है कि ठाकुर बांके बिहारी लाल जी आज भी कुंज गली होते हुए निधिवन जाते हैं अतः उनके मार्ग को नष्ट करने का दुस्साहस न करें। इसके अलावा दुकानें हटाए जाने से रोजी- रोटी पर असर पड़ेगा तथा मनमाने तरीके से दुकानों के टेंडर पास किए जाएंगे।

### क्यों है कॉरिडोर की जरूरत?

दरअसल वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अगर वीकेंड हो या फिर नए नया साल या होली या रंग भरी एकादशी तो भक्तों की संख्या लाख के करीब पहुंच जाती है। मंदिर में जाने के लिए रास्ता छोटा होने की वजह से व्यवस्था बिगड़ जाती है। दरअसल मंदिर तक पहुंचने के लिए कई सौ साल पुरानी कुंज गलियों से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार भीड़ में लोगों के दबने की खबरें सामने आती हैं,इसीलिए सरकार चाहती है कि व्यवस्था इस तरह की हो जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो और ज्यादा से ज्यादा लोग दर्शन के लिए आ सकें।

### कॉरिडोर बनाने की आवश्यकता ही नहीं

आचार्य आनंद वल्लभ गोस्वामी का मानना है कि इस समय बांके बिहारी जी मंदिर में जितने दर्शनाथी आ रहे हैं इससे तीन गुना से अधिक दर्शनार्थी यहां आ सकते हैं। इतनी जगह मंदिर के पास पूरे परिसर में है जिसमें भोग भंडार के बगल का स्थान, इसके बाद पाठशाला तथा पोस्ट ऑफिस एवं बांके बिहारी जी का चबूतरा। इन सब को मिलाकर यदि इतने ही परिसर को चौड़ा कर दिया जाए तो एक बार में लगभग 25000 यात्री यहां एक साथ आ सकते हैं। इसके अलावा इस्कॉन के बगल वाले परिक्रमा मार्ग को कम से कम फोर लाइन बना दिया जाए तथा एक्सप्रेस वे तक सीधे नेशनल हाईवे- 2 से जोड़ दिया जाए तो भीड़ जगह-जगह बंट जाएगी। यदि आसपास का अतिक्रमण हट जाए एवं ई रिक्शा स्टैंड, गाड़ी पार्किंग, और जगह-जगह शौचालय आदि बन जाए तो कॉरिडोर बनाने की आवश्यकता ही नहीं होगी, इससे लोगों को परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा तथा जमीन अधिग्रहण के समय दिया जाने वाला मुआवजा भी नहीं देना होगा इससे सरकार को राजस्व की बचत होगी एवं वृन्दावन का वास्तविक स्वरूप भी बना रहेगा।

### क्या बांके बिहार मंदिर निजी संपत्ति नहीं?

गोस्वामियों का कहना है कि मंदिर उनकी निजी संपत्ति है लेकिन रेवेन्यू डॉक्युमेंट्स के मुताबिक, ऐसा नहीं है। इन दस्तावेजों में यह जमीन मंदिर के नाम से है ही नहीं बल्कि गोविंददेव के नाम से दर्ज है। कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के पास 100 दुकानों और 300 घरों का अधिग्रहण किया जाना है। हालांकि सरकार इसके लिए उचित मुआवजा देगी लेकिन लोग इसके लिए भी तैयार नहीं हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर बच्चों का कंप्यूटर गेम, कांग्रेस नेता नाना पटोले का अजीबोगरीब बयान, शिवसेना ने किया पलटवार

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को व्यापारिक हितों के लिए रोका गया था। ट्रंप ने एक दर्जन बार कहा कि दोनों देशों के साथ व्यापार बंद हो जाएगा, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कांग्रेस नेता नाना पटोले ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर की तुलना बच्चों के वीडियो गेम खेलने से करके विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने सरकार पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार हितों के कारण सैन्य मिशन को रोकने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने कहा, पहलगाम में 26 महिलाओं के सिंदूर मिटा दिए गए और इसके लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का अभी तक पता नहीं चला है। उन्होंने सरकार के संकल्प पर सवाल उठाते हुए कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान को समय से पहले ही रोक दिया गया ।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को व्यापारिक हितों के लिए रोका गया था। ट्रंप ने एक दर्जन बार कहा कि दोनों देशों के साथ व्यापार बंद हो जाएगा, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया। यह उनके इशारे पर किया गया था। पटोले ने फिर एक नाटकीय तुलना की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर बिल्कुल वैसा ही था जैसे बच्चे कंप्यूटर रूम में वीडियो गेम खेल रहे हों - यह उससे ज्यादा कुछ नहीं था ।पटोले की टिप्पणियों की तीखी आलोचना हुई, शिवसेना नेता शाइना एनसी ने उन्हें 'विवाद की संतान' कहा। शाइना एनसी ने कहा कि केवल नाना पटोले जैसी नीच मानसिकता और नीच विचार प्रक्रिया ही यह सुझाव दे सकती है

# महाराष्ट्र में भी 'सोनम रघुवंशी', शादी के 17वें दिन पति को कुल्हाड़ी से काट डाला, सांगली में मचा हड़कंप

महाराष्ट्र के सांगली जिले के कुपवाड़ में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। अनिल लोखंडे नाम के शख्स की पत्नी राधिका ने कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी। यह घटना शादी के महज 17 दिन बाद हुई। पुलिस ने राधिका को गिरफ्तार कर लिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई/ सांगलीः देश भर में राजा रघुवंशी हत्याकांड की चर्चा है। वहीं महाराष्ट्र से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सांगली के कुपवाड़ के प्रकाशनगर स्थित एकता कॉलोनी में रहने वाले अनिल तानाजी लोखंडे (उम्र-45) की उसकी दूसरी पत्नी राधिका ने हत्या कर दी। कुल्हाड़ी से वार कर अनिल लोखंडे की मौके पर ही हत्या कर दी गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

दरअसल मृतक अनिल लोखंडे की पहली पत्नी की कैंसर से मौत हो चुकी है। मृतक अनिल की दो बेटियां थीं और दोनों की शादी हो चुकी है। ऐसे में अनिल घर पर अकेले रह रहा था। इसके चलते अनिल के रिश्तेदारों ने उसकी शादी सतारा जिले के खटाव तालुका के वादी गांव की 27 साल की लड़की राधिका बालकृष्ण इंगले से कर दी।

## शादी के 17 दिन बाद की हत्या

शादी 17 मई 2025 को हुई। शादी के ठीक 17 दिन बाद वट पूर्णिमा की रात 11:30 से 12:30 के बीच राधिका ने अनिल के सिर और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। कुपवाड़ इंडस्ट्रियल एस्टेट पुलिस ने राधिका को हिरासत में ले लिया है। हालांकि, हत्या की सही वजह का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के मुताबिक शादी के बाद से ही अनिल और उसकी पत्नी राधिका में नहीं बन रही थी। क्योंकि राधिका उसे पसंद नहीं करती थी। इसी वजह से वह नाराज हो गई और उसने अपने पति अनिल की हत्या कर दी। घटना के बाद कुपवाड़ के प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक दीपक भड़वलकर मौके पर पहुंचे। तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध पत्नी राधिका को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे आज दोपहर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## हत्या की क्या वजह?

इस बीच, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि अनिल लोखंडे की हत्या की कोई और वजह तो नहीं है। क्योंकि उस जोड़े की शादी को अभी सिर्फ.17 दिन ही हुए थे। खास बात यह है कि पत्नी ने अपना सुराग उस दिन उजाड़ा जिस दिन सभी पत्नियां सात जन्मों तक एक ही पति पाने के लिए बरगद के पेड़ की परिक्रमा करती है।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे अहमदाबाद-मुंबई और अहमदाबाद-दिल्ली के बीच चलाएगी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से अहमदाबाद-मुंबई और अहमदाबाद-दिल्ली जं. के बीच विशेष किराए पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09494/09493 अहमदाबाद झ मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09494 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 12 जून, 2025 को अहमदाबाद से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09493 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 13 जून, 2025 को मुंबई सेंट्रल से 11:10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 19:30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी और बोरीवली स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर और एसी चेयर कार क्लास कोच हैं।

2. ट्रेन संख्या 09497/09498 अहमदाबाद झ दिल्ली जं. - अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09497 अहमदाबाद-दिल्ली जं. सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 12 जून, 2025 को अहमदाबाद से 23:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:30 बजे दिल्ली जं. पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09498 दिल्ली जं.-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 13 जून, 2025 को दिल्ली जं. से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली कैंट स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर कोच हैं।

ट्रेन संख्या 09494, 09493 और 09497 की बुकिंग तत्काल प्रभाव से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू है। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनों के रूप में चलाई जाएंगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# 3000 करोड़ रुपये हुई समुद्र के पानी को मीठा करने की लागत, 21 कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

मालाड के मनोरी में प्रस्तावित समुद्र के पानी को मीठा करने के प्रोजेक्ट की लागत लगभग डेढ़ गुना बढ़ गई है। पहले इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1920 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़ कर 3000-3200 करोड़ रुपये हो गई है। इसके लिए अब तक 21 कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मालाड के मनोरी में प्रस्तावित समुद्र के पानी को मीठा करने के प्रोजेक्ट की लागत लगभग डेढ़ गुना बढ़ गई है। पहले इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1920 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़ कर 3000-3200 करोड़ रुपये हो गई है। यह जानकारी देते हुए बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर अभिजीत बंगार ने बताया कि पिछली बार टेंडर को लेकर विवाद होने पर उसे रद्द कर दिया गया था। 25 मई को दोबारा टेंडर जारी किया गया, जिसके लिए अब तक 21 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इनमें एक कंपनी स्पेन और एक मध्य पूर्व के देश की है ।नए टेंडर की लागत कितनी ?बता दें कि पिछली बार टेंडर में 5 कंपनियां आईं थीं, हालांकि बाद में सिर्फ एक कंपनी रह गई। कांग्रेस ने इस टेंडर में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था

# ठाकरे ब्रदर्स में सुलह के कयास के बीच फडणवीस की एंट्री, राज ठाकरे से मिलने पहुंचे सीएम

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात के बाद पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई है. अटकलें हैं कि वे बीजेपी से गठबंधन की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे.

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, महाराष्ट्र की सियासत में उस समय हलचल तेज हो गई जब मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और करीब एक घंटे तक दोनों के बीच में बातचीत हुई. ताज लैंड्स एंड में दोनों नेताओं में क्या बात हुई, यह तो सामने नहीं आया, लेकिन अब राज ठाकरे ने मनसे नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है. अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिलने के बाद अब राज ठाकरे अपने नेताओं से यह चर्चा करना चाहते हैं कि बीजेपी से गठबंधन करने के क्या फायदे या नुकसान हो सकते हैं. ऐसे में राज ठाकरे के शिवतीर्थ पर मुंबई, ठाणे और पालघर के सभी शहर प्रमुख और उपशहर प्रमुखों को बुलाया गया है. अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, राज ठाकरे सभी नेता और कार्यकताओं से ग्राऊंड रिपोर्ट ले रहे हैं. बीजेपी के साथ गठबंधन करेंगे तो क्या परिणाम हो सकते हैं, इसकी जानकारी वे अपने नेताओं से लेंगे. राज ठाकरे की सीएम से मुलाकात और फिर बैठक के बीच अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या भाई उद्धव ठाकरे को दिया वादा तोड़ कर राज ठाकरे बीजेपी के साथ जाने की तैयारी कर रहे हैं ? उद्धव-राज ठाकरे की सुलह की चर्चाएं थीं तेजअब तक महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में यह चर्चा थी कि ठाकरे भाई सारे गिले-शिकवे मिटा कर एक बार फिर साथ आएंगे. इसको लेकर दोनों ही नेताओं की तरफ से अच्छे संकेत मिल रहे थे. शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र सामना के फ्रंट पेज पर उद्धव और राज ठाकरे की तस्वीर भी छपी थी, जिसपर लिखा गया था कि महाराष्ट्र की जनता का जो फैसला होगा, वही होगा. इसके बाद से यह लगभग तय हो गया था कि बाल ठाकरे की शिवसेना वापस आने वाली है. उद्धव-राज ठाकरे पर क्या बोले थे देवेंद्र फडणवीस ?जब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के साथ आने की खबर लगभग कंफर्म होती दिख रही थी, तब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि यह उन दोनों भाइयों का अपना मसला है, वे खुद निपटाएं. मैं बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना बनने में इंटरेस्टेड नहीं हूं. लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे ने दिया था बीजेपी का साथबता दें, लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान राज ठाकरे ने बिना किसी सीट पर उम्मीदवारी जताए बीजेपी को अपना पूर्ण समर्थन दिया था. प्रचार के दौरान राज ठाकरे कई बार पीएम मोदी के साथ मंच साझा करते भी दिखे थे.

# मुंबई में घरेलू सहायिका का बड़ा कांड, रिटायर्ड आईआईटी प्रोफेसर के हड़पे 1.12 करोड़, धोखे से फ्लैट की हिस्सेदार भी बन गई

मुंबई में एक नौकरानी ने आईआईटी के रिटायर्ड प्रोफेसर के घर से 1.12 करोड़ रुपये की नकदी और आभूषण चुरा लिए। उसने सेवा के जरिए भरोसा जीता और कागजों पर साइन कराकर उनके चार फ्लैट में तीन हड़प लिए। फिर प्रोफेसर को विक्रोली के ओल्ड ऐज होम में छोड़ दिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई में एक नौकरानी ने आईआईटी के रिटायर्ड प्रोफेसर के घर से 1.12 करोड़ रुपये की नकदी और आभूषण चुराने के साथ चार फ्लैट में एक तिहाई शेयर पर दस्तखत भी करवा लिए। इसके बाद नौकरानी ने बुजुर्ग प्रोफेसर को विक्रोली के एक ओल्ड एज होम (वृद्धाश्रम) में छोड़ दिया। उधर, पुणे में बतौर सर्जन कार्यरत बेटे को जब सोसाइटी के सदस्यों ने इसकी सूचना दी तो इस बड़े फजीवाड़े का खुलासा हुआ। बेटे के मुंबई पहुंचने पर पिता विक्रोली के वृद्धाश्रम में मिले। बेटे ने घर में काम करने वाली सहायिका के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

## 2009 मे अकेले रह रहे थे प्रोफेसर

मुंबई पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार आईआईटी से सेवानिवृत्त प्रोफसर मनमोहन 2009 से मुंबई के हीरानंदानी गार्डन में रह रहे थे। इसी साल उनकी पत्नी और बेटा दोनों पुणे शिफ्ट हो गए थे। पुणे के एक अस्पताल में बेटा सर्जन है। रिटायर्ड प्रोफेसर मुंबई में चार फ्लैट से मिलने वाले किराए से अपना खर्च चलाने लगे, इधर प्रोफेसर के घर पर काम करने वाली निकिता विजय नाईक नाम की महिला ने प्रोफेसर के 6 करोड़ के 4 फ्लैटों में एक एक तिहाई हिस्सा हासिल करने के बाद नकदी और आभूषण चुराए और उन्हें वृद्धाश्रम में भर्ती कराया। मुंबई पुलिस के अनुसार 82 साल के सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने सभी महत्वपूर्ण कार्य और जिम्मेदारियां घरेलू सहायिका को सौंप दी थीं।

## बगीचे में हुई थी दोस्ती

पुलिस शिकायत के अनुसार आईआईटी के पूर्व प्रोफेसर मनमोहन की निकिता विजय नाइक से 2017 में एक बगीचे में दोस्ती हुई थी। प्रोफेसर इसी बगीचे में टहलने जाते थे। निकिता ने जल्द ही प्रोफेसर का विश्वास जीत लिया था। इसके बाद से वह वह धीरे-धीरे उसकी देखभाल करने लगी थी और घरेलू सहायिका बनकर उसने मनमोहन के परिवार के सदस्यों, संपत्तियों, बैंक बैलेंस और मुंबई में संपत्तियों के बारे में सारी जानकारी हासिल कर ली थी।

# स्व.एम जे पंडित चैरीटेबल ट्रस्ट एवम दिलासा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मानद डॉक्टरेट पदवीदान - स्नेह मिलन - सम्मान समारोह सम्पन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




कल्याण के यशोदा हॉल - जोशीबाग में बंगलुरू के सुप्रसिद्ध उद्योगपति नंदकुमार चन्द्रनाथराव कगवटे को स्सोक्रेट सोशल यूनिवर्सिटी ऑनराइस CAUSA द्वारा उनके सामाजिक - शैक्षणिक कार्यों के लिए मानद डॉक्टरेट पदवी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण के सुप्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता डॉ विजय पंडित ( चेयरमैन : अग्रवाल कॉलेज ने की ।इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद दिलासा फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ पद्मिनी कृष्णा और मशहूर शिक्षाविद महमदिया स्कूल के चेयरमैन डॉ साद काजी उपस्थित थे।

इस अवसर पर समाज के सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस आयोजन में कारपोरेट ट्रेनर डॉ शशिधरन टी वी सीरियल कलाकार कवि डॉ दीपक खांडेकर ने सभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष विजय पंडित ने समाज मे बढ़ती हिंसा और नशे की आदत से लोगों को बचने की सलाह दी और समाज की एकता मजबूत हो इस बात पर बल दिया।

डॉ पद्मिनी कृष्णा ने दिलासा फाउंडेशन की सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

डॉ साद काजी ने आपसी वैमनस्य भुलाकर एक रहने की अपील की।

डॉ नंदकुमार ने सभी आयजकों का आभार मानते हुये सभी लोगों को बंगलुरु आने का न्योता दिया।

कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ मनीष मिश्रा ने किया और नरेंद्र पंडित ने सभी उपस्थितों का आभार माना।

# मध्य रेल निम्नलिखित ट्रेनों को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल अब से निम्नलिखित ट्रेनों को संशोधित संरचना के साथ चलाएगा, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण में बताया गया हैः

ट्रेन संख्या 12223/12224 एलटीटी-एनार्कुलम-एलटीटी दुरंतो एक्सप्रेस अब एक अतिरिक्त 2एसी और 3एसी कोच के साथ चलेगी

12223 एलटीटी-एनार्कुलम दुरंतो एक्सप्रेस में संशोधित संरचना एलटीटी से 14.06.2025 से प्रभावी होगी

12224 एनार्कुलम-एलटीटी दुरंतो एक्सप्रेस में संशोधित संरचना एनार्कुलम से 15.06.2025 से प्रभावी होगी

संशोधित संरचनाः

एक एसी प्रथम श्रेणी, 3 एसी-2 टियर, 7 एसी-3 टियर, 8 स्लीपर क्लास, 1 पेंट्री कार और 2 लगेज/जेनरेटर सह गार्ड ब्रेक वैन।

ट्रेन संख्या 18029/18030 एलटीटी-शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस अब एलएचबी कोचों के साथ चलेगी, जिसमें 2 अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच होंगे

18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में संशोधित संरचना एलटीटी से 21.06.2025 से प्रभावी होगी

18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में संशोधित संरचना शालीमार से 19.06.2025 से प्रभावी होगी

संशोधित संरचनाः

दो एसी-2 टियर, 5 एसी-3 टियर, 6 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सेकंड सीटिंग और लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन, 2 लगेज/जेनरेटर सह गार्ड ब्रेक वैन और 4 लीज्ड पार्सल वैन।

ट्रेन संख्या 17611/17612 नांदेड़-सीएसएमटी-नांदेड़ राज्य रानी एक्सप्रेस अब 1 अतिरिक्त 3एसी कोच और 2 अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलेगी

17611 हजूर साहिब नांदेड़-सीएसएमटी एक्सप्रेस में संशोधित संरचना हजूर साहिब नांदेड़ से 04.08.2025 से प्रभावी होगी

17612 सीएसएमटी- हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस में संशोधित संरचना सीएसएमटी से 05.08.2025 से प्रभावी होगी

संशोधित संरचनाः

एक एसी प्रथम श्रेणी सह एसी 2 टियर, एक एसी-2 टियर, 3 एसी-3 टियर, 6 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सेकंड सीटिंग और लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन।

इन ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

यात्रीगण कृपया उपरोक्त परिवर्तनों पर ध्यान दें

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना – सिविल इंजीनियरिंग**
**संख्या– डब्ल्यू/623/15 दिनांक–11.06.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या–** 123/2025 आर, **कार्य का विवरण–** कोटा– मथुरा सेक्शनः– रिप्लेसमेंट ओल्ड आरसीसी/स्टोन स्लेव विद आरसीसी बॉक्स/स्लेव एट ब्रिज नं. 256 अप, 257 अप, 274 अप, 287 अप, 292 अप, 302 अप, 303 अप एंड 316 अप अंडर दि जूरीस्डिक्शन ऑफ एडीईएन–सवाई माधोपुर, **अनुमानित लागत–** 28043675.85, **बयाना राशि–** 290200.00, **टेंडर संख्या–** 124/2025 आर, **कार्य का विवरण–** सवाई माधोपुर स्टेशन – रिमोड़लिंग ऑफ गुड्स यार्ड लाइन नं. 1, 2, 3, 4 एंड 5 टू इनक्रिज सीएसएल, **अनुमानित लागत–** 5065389.65, **बयाना राशि–** 101300.00, **टेंडर संख्या–** 125/2025 आर, **कार्य का विवरण–** रिपेर्यस एंड मेंटेनेंस ऑफ बाउण्ड्री वॉल/फेन्सिंग ऑफ हाई स्पीड रूट नागदा–मथुरा सेक्शन फॉर 3 ईयर एट सीनियर डीईएन/साउथ सेक्शन इन कोटा डिवीजन, **अनुमानित लागत–** 68761856.94, **बयाना राशि–** 493800.00, **टेंडर संख्या–** 126/2025, **कार्य का विवरण–** सालपुरा स्टेशन – इम्प्रूवमेंट ऑफ यार्ड अण्डर एडीईएन बांरा, **अनुमानित लागत–** 5407093.32, **बयाना राशि–** 108200.00, **टेंडर संख्या–** 127/2025, **कार्य का विवरण–** कोटा डिवीजनः प्रोविजन ऑफ स्टैण्डर्ड हाइट गेज इन लियू ऑफ नान–स्टैण्डर्ड हाइट गेज एट वेरियस आरओबी/आरयूबी/ब्रिज इन नागदा – मथुरा एंड रामगंजमंडी–भोपाल सेक्शन अण्डर द जूरिस्डिक्शन ऑफ सिनीयर डीईएन (साउथ) कोटा एंड सीनियर डीईएन (नार्थ) कोटा (टोटल = 17 नं.), **अनुमानित लागत–** 22966074.91, **बयाना राशि–** 264800.00, **उपरोक्त सभी टेंडर भरने की अंतिम तिथि एंव समय–** 30.06.2025 को 15:30 घंटे पर, पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई–निविदा में तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता.)
**वरि. मंडल इंजीनियर समन्वय, पमरे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम रेलवे**
**निरस्तीकरण सूचना**

विद्युत टीआरडी-एनएस-बीसीटी की ई-निविदा क्र. ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-25-26-4, बंद होने की तिथि 02.07.2025, 15.30 बजे. हालांकि निविदा में तकनीकी त्रुटियों के कारण उक्त निविदा को निरस्त करने का निर्णय किया गया है. 0256

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**कपलर एवं केबल्स की आपूर्ति**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा क्र. : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/46, दि. : 09.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **स्थान के साथ कार्य का नाम** : दरों की अनुसूची तथा कार्य के विस्तार के अनुसार कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, लोअर परेल में एलएचबी एसी कोचेस हेतु 150 वर्ग मिमी फीडर केबल्स तथा उच्च क्षमता IV कपलर (500 एएमपी) का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 4,49,11,742.20. **ईएमडी** : रु. 3,74,600/-. **जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 02.07.2025 को 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 02.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0251

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत कार्य**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-784-डब्ल्यूए-21, दि. 09.06.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : चर्चगेट – जलगांव** : ट्रैक मशीन साइडिंग में सम्बद्ध सुविधाओं के पुनर्वास तथा टीटीआर (सीएस) – 12 सेट्स, टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी) – 8 सेट्स के संबंध में विद्युत (पॉवर) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 19,41,822/-. **ईएमडी** : रु. 38,800/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 03.07.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 03.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0248

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**अहमदाबाद मंडल**

**इंफ्रा सहित एकीकृत संचार बुनियादी ढांचे का कार्यान्वयन**

**निविदा आमंत्रण सुचना सं: DRM-SnT-ADI- Tele 05 वर्ष 25-26** भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत DRM/S और T, निविदा संख्या DRM-SnT-ADI- Tele 05 वर्ष 25-26 के विरुद्ध ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, अंतिम तिथि 11.07.2025, 15:00 बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां प्रस्तुत कर सकेंगे, इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **1) कार्य का नाम:** अहमदाबाद डिवीजन में IPMPLS LAN इंफ्रा सहित एकीकृत संचार बुनियादी ढांचे का कार्यान्वयन। **2) कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 8,82,51,690.52/- (रु. आठ करोड़ ब्यासी लाख इक्यावन हजार छह सौ नब्बे और बावन पैसे मात्र) **3) बयाना राशि:** रु. 5,91,300/- (पांच लाख एकानबे हजार तीन सौ रुपये मात्र) **4) बंद होने की तिथि और समय:** 11.07.2025 को 15:00 बजे के बाद नहीं **5) निविदा खोलने की तिथि और समय:** 11.07.2025 को 15:30 बजे खुलेगा **6) ई-टेंडरिंग की वेबसाइट: www.ireps.gov.in** 071

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**ओएचई के संशोधन कार्य**

**खुली निविदा सूचना स.: BB.LD.585.W.875.CONT, दिनांक 09.06.2025. कार्य का नाम:** मुंबई मंडल के लोकमान्य तिलक मार्ग, मस्जिद बंदर ए एवं बी वार्ड में कार्नैक आरओबी के पुनर्निर्माण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई के संशोधन कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,76,09,236/-. **बिड सिक्योरिटी:** रु. 2,38,100/-. **ऑफर की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य:** रु. 0/-. **I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय दिनांक 01.07.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई- टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई- टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है । हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्कः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001. फोन - 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है। AK-169

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभागः जल अभियंता विभाग

क्र.: ई.ई.(एम.)एम.डब्ल्यू/1358/मेंटे. दिनांक 11.06.2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. बोली आरंभिक तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय का उल्लेख विस्तृत निविदा सूचना में मनपा की वेबसाइट के निविदा अनुभाग तथा महाटेंडर पोर्टल पर किया गया है.

| अ. क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1188638_1 | एईडब्ल्यूडब्ल्यू(एम)डब्ल्यूएस दक्षिण II विभाग अंतर्गत पाली हिल जलाशय क्रमांक I और II स्थित कर्मचारियों के क्वार्टर्स एवं परिसर का विद्युतिकरण कार्य. |

इच्छुक निविदाकार विस्तृत जानकारी हेतु मनपा की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर पोर्टल http://mahatenders.gov.in पर संपर्क करें.

हस्ता./-
ई.ई.(एम.) एम.डब्ल्यू.

पीआरओ/660/विज्ञा. /2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

# कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

## भारतीय मूल के 7 लोग गिरफ्तार, दावा- पैसे का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में होता था

एजेंसी

कनाडा, कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। टीओआई की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था। 6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह



(27) और जॉर्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं। इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसॉगा के हाओ टॉमी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35 आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा, गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है। ओंटारियो के सॉलिसिटर जनरल माइकल एस. कर्जर ने कहा कि प्रोजेक्ट पेलिकन इस बात का सबूत है कि सही संसाधनों के साथ पुलिस हमारे समाज को सुरक्षित रख सकती है। टीओआई की एक रिपोर्ट में कनाडा की पुलिस के हवाले से बताया गया है कि, यह नेटवर्क अमेरिका से कनाडा तक कमर्शियल ट्रकिंग रूट्स का इस्तेमाल कर कोकीन की तस्करी करता था। इसका मैक्सिकन कार्टेल्स और अमेरिका के ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स से संबंध था। ड्रग तस्करी से मिले पैसे भारत विरोधी गतिविधियों, जैसे विरोध प्रदर्शन, जनमत संग्रह और हथियारों की फंडिंग के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस नेटवर्क को समर्थन दे रही थी, जो मैक्सिकन कोकीन और अफगान हेरोइन की तस्करी में शामिल था। ये जांच जून 2024 में शुरू हुई थी। जिसमें कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) और अमेरिकी ड्रग इन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन की मदद से कई लोग, ट्रैकिंग कंपनियां और स्टोरेज साइट्स की पहचान की गई। फरवरी से मई 2025 के बीच विंडसर के एंबेसडर ब्रिज पर 127 किलो और पॉइंट एडवर्ड के ब्लू वॉटर ब्रिज पर 50 किलो कोकीन जब्त की गई। ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में भी कई जब्तियां हुईं, जहां कुछ लोग अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए। कुल 479 किलो कोकीन और दो अवैध हैंड गन जब्त की गईं। कनाडा खालिस्तानियों का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है। इसकी वजह से पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के राजनीतिक संबंधों पर काफी फर्क पड़ा है। हाल ही में कनाडा की ओर से जी7 शिखर सम्मेलन की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं बुलाने की अटकलें लगाई जा रही थी। हालांकि, कनाडा ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को जी7 में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम मोदी को फोन कर समिट के लिए बुलाया।

# ईरान पर इजराइल हमले की तैयारी में

## ट्रम्प ने मिडिल-ईस्ट से गैर-जरूरी स्टाफ हटाया; बोले- खामनेई को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव, इजराइल, ईरान पर हमले के लिए पूरी तरह तैयार है। उसने अमेरिका को इसके बारे में बता दिया है। यह जानकारी उइर न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। अमेरिका को आशंका है कि अगर इजराइल ने हमला किया, तो ईरान बदले में इराक में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना सकता है। यही वजह है कि अमेरिका ने बुधवार को मिडिल-ईस्ट से कुछ अमेरिकी नागरिकों और अधिकारियों को निकालने का फैसला किया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इराक में तैनात गैर-



जरूरी सरकारी अधिकारियों को लौटने का आदेश दे दिया है, क्योंकि वहां तनाव बहुत बढ़ गया है। इस बीच, मिडिल-ईस्ट में ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ अभी भी ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम पर छठे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। यह बातचीत कुछ ही दिनों में होनी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि अमेरिका मिडिल-ईस्ट के कुछ देशों से अपने सैनिकों को हटा रहा है, क्योंकि वहां हालात खतरनाक हो सकते हैं। दूसरी तरफ ट्रम्प ने ईरान के परमाणु हथियारों से जुड़े कार्यक्रम को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिल सकते। बहुत सीधी बात है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय और सेना ने यह साफ किया था कि इस क्षेत्र से गैर-जरूरी स्टाफ और उनके परिवार को हटा दिया जाएगा, ताकि किसी बड़े संकट की स्थिति में नुकसान से बचा जा सके। ईरान के विदेश मंत्री और वरिष्ठ राजनयिक अब्बास अराघची ने बुधवार को यूरोपीय देशों को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान के खिलाफ परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी तरह का प्रस्ताव पास करते हैं, तो ईरान उसकी कड़ी प्रतिक्रिया देगा। यह बयान आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की जून बैठक से पहले आया है। अराघची ने यह भी कहा कि अगर ईरान के खिलाफ कोई अन्यायपूर्ण और बेबुनियाद प्रस्ताव पास किया गया, तो इसका अंजाम यूरोप को भुगतना पड़ेगा। अमेरिका और इजराइल लगातार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। दरअसल ईरान कई सालों से परमाणु तकनीक पर काम कर रहा है।

# शेख हसीना का आरोप- यूनुस को आतंकियों का साथ

## रोहिंग्या कॉरिडोर के बहाने अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप बेचने की साजिश

एजेंसी

नई दिल्ली/ढाका, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यूनुस को आतंकियों का समर्थन प्राप्त है और वह देश की संप्रभुता को खतरे में डाल रहे हैं। हसीना की तरफ से फेसबुक पर जारी किए गए बयान में कहा गया कि यूनुस के शासन में देश में अपराध और हिंसा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं शहरों में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं और



त्योहारों पर लोग गांव जाने से डरते हैं, क्योंकि आतंकियों का डर बना रहता है। शेख हसीना ने यह भी दावा किया कि यूनुस 2026 में चुनाव कराने की बात कहकर बांग्लादेश की जनता के साथ अप्रैल फूल जैसा मजाक करना चाहते हैं। हसीना ने कहा कि मोहम्मद यूनुस संयुक्त राष्ट्र के एक पुराने सुझाव को लेकर रोहिंग्या कॉरिडोर बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

इसके लिए बांग्लादेश का सेंट मार्टिन द्वीप बेचा जा सकता है और समुद्र तक देश की पहुंच खतरे में पड़ सकती है। हसीना ने चेतावनी दी कि यह कॉरिडोर देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है और विदेशी ताकतें इसका फायदा उठा सकती हैं। सेना प्रमुख ने भी इसे खूनी कॉरिडोर बताया था और कहा था कि इस पर कोई फैसला केवल चुनी हुई सरकार ही ले सकती है।

# अमेरिका हिंसा- चोरी हुए आईफोन चोरों को दे रहे चेतावनी

## कृपया फोन वापस करें, ये ट्रैक हो रहा है; खुद लॉक हो गए फोन

एजेंसी

लॉस एंजिलिस, अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में हाल ही में हुई हिंसक झड़पों और दंगों के दौरान उपद्रवियों ने एपल स्टोर से बड़ी संख्या में आईफोन चोरी किए। लेकिन अब ये चोरी किए गए आईफोन खुद से चेतावनी देने लग गए हैं। इन फोन्स की स्क्रीन पर लिखा आ रहा है कृपया फोन एपल स्टोर में वापस करें। यह डिवाइस लॉक कर दी गई है और ट्रैक हो रही है। स्थानीय पुलिस को सूचित किया जा रहा है यह घटना लॉस एंजेलिस के डाउनटाउन इलाके में हुई। जहां अप्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुआ था। लेकिन कुछ ही घंटों में प्रदर्शन हिंसक हो गया



और दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट शुरू हो गई। एपल ने पहले से ही अपने स्टोर्स में रखे डेमो आईफोन्स में खास सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर रखा है। ये सॉफ्टवेयर फोन चोरी होते ही उसे लॉक कर देता है, ट्रैक करने लगता है और एक चेतावनी संदेश दिखाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एपल ने यह सुरक्षा फीचर सिर्फ स्टोर में रखे डेमो फोनों के लिए बनाया है। यह फीचर आम ग्राहकों के फोन में नहीं होता है। एपल इस तकनीक को सालों से इस्तेमाल कर रहा है ताकि स्टोर से चोरी रोकी जा सके। जैसे ही कोई डेमो फोन स्टोर से बाहर ले जाया जाता है, वह खुद-ब-खुद लॉक हो जाता है और ट्रैकिंग चालू हो जाती है। सोशल मीडिया पर इन फोन्स की चोरी से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं। इनमें कुछ लोगों ने एपल स्टोर से फोन चुराए, लेकिन फोन चालू करते ही स्क्रीन पर चेतावनी दिखने लगी और फोन काम करना बंद कर गया। अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में चोरी और लूटपाट की घटनाएं लगातार सामने आई हैं। मंगलवार को नकाबपोश दंगाइयों ने एक मॉल में स्थित जारा स्टोर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग जारा स्टोर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसते और सामान लूटते दिखे। एक अन्य वीडियो में कुछ उपद्रवी एडिडास स्टोर, फार्मेसियां, मारिजुआना दुकानें और ज्वेलरी शॉप्स में भी तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी क्रिस मिलर ने बताया- एक महिला को एपल स्टोर में चोरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**NOTICE INVITING TENDER CPD/60 -2025-26**

Tenders are invited through e-Tendering in SRM Two Bid system from the registered vendors for Supply of following:

| Tender No. & Description of Material | Estimated Amount (in Rs. in Lakhs) / Tender Fee (in Rs.) | Due Date & Time (Hrs.) Submission & Opening of Tender |
|---|---|---|
| SP/T-0722/0625 (RFx No. 7000036689) (2nd Call) for Hiring of Consultant for support of ISO 27001:2022 certification and adoption of IT Cyber Security Policies and Procedures. | 118 / 5,000.00 | 20.06.2025 17:30<br>20.06.2025 17:35 |

Contact Person: Office of the Executive Engineer (Gr-P&C)
Tel.No.022-69852720/022-69852717 Cell.No.09619469933
Email:1) C.E. (CPA) 2) E.E. (Group-VII), CPA, C.O. MSETCL, 1st Floor, Prakashgad Building, Bandra (E), Mumbai Email id: cecpa@mahatransco.in, eetkc1@mahatransco.in,
For further details visit our website **http://www.srmetender.mahatransco.in**
Any further amendments will be published on the MSETCL website www.mahatransco.in. So bidders are requested to check the website

**Sd/-**
**Executive Engineer (P&C)**

**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. नि.) विभाग,**

**प्रशासकीय इमारत, 1ली मंजिल, भवन्स कॉलेज के पास, दादाभाई रोड, अंधेरी (प.), मुंबई – 400058**

**ईमेलः northmumbai.ee@mahapwd.com**

**दूरभाषः 022-26231964 फैक्सः 26205788**

**ई-निविदा सूचना क्रमांकः 19, वर्ष 2025-2026**

महाराष्ट्र राज्यपाल की ओर से कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. नि.) विभाग, मुंबई (दूरभाष/फैक्स क्रमांक – 26231964/26205788), महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उचित श्रेणी में पंजीकृत मुंबई उपनगर जिला (पश्चिम उपनगर) की मजूर सहकारी संस्था मर्यादित, मुंबई से निम्नलिखित कार्यों के लिए बी-1 नमूने की निविदा ई-निविदा प्रणाली (ऑनलाइन) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है. निविदा दस्तावेज शासन की वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे. निविदा स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. नि.) विभाग, मुंबई के पास सुरक्षित रहेगा. शर्तयुक्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी. आवेदक मजूर संस्था केवल उसी उपनगर के कार्य के लिए आवेदन कर सकती है जिस उपनगर में वह पंजीकृत है.

| अ. क्र. | कार्य का विवरण | रकम (रु.) |
|---|---|---|
| 1. | शासकीय तंत्र निकेतन, बांद्रा (पूर्व) परिसर की मुख्य इमारत अंतर्गत अनिवासी इमारतों की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 30,69,750/- |
| 2. | शासकीय तंत्र निकेतन, बांद्रा (पूर्व) परिसर की कार्यशाला इमारत एवं निर्मल नगर पुलिस स्टेशन की अनिवासी इमारतों की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 11,95,990/- |
| 3. | कोले कल्याण, सांताक्रूज़ (पूर्व) स्थित न्याय सहाय्यक वैज्ञानिक प्रयोगशाला परिसर की मुख्य व विस्तार इमारत तथा ट्रेनिंग सेंटर आदि की अनिवासी इमारतों की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 20,41,920/- |
| 4. | वस्तू व सेवा कर भवन, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व) तथा शासकीय तंत्र निकेतन, बांद्रा (पूर्व) परिसर स्थित सहसंचालक, तंत्रशिक्षण विभागीय कार्यालय की अनिवासी इमारतों की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 27,10,880/- |
| 5. | अन्न व औषध प्रशासन, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई की अनिवासी इमारतों की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 20,78,005/- |
| 6. | लघुवाद न्यायालय, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई की अनिवासी इमारत की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 99,86,30/- |
| 7. | कौटुंबिक न्यायालय, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई की अनिवासी इमारत की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 11,30,560/- |
| 8. | कामगार भवन, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई की अनिवासी इमारत की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 11,45,850/- |
| 9. | अधिदान व लेखा अधिकारी कार्यालय, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई की अनिवासी इमारत की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 12,20,760/- |
| 10. | पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, कोले कल्याण, कलिना, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई की अनिवासी इमारत की वार्षिक देखभाल, मरम्मत व अस्थायी रिसाव प्रतिबंधक कार्य | 25,07,540/- |
| 11. | अन्न व औषध प्रशासन, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई में अन्न सुरक्षा अधिकारी कक्ष का नवीनीकरण व मरम्मत कार्य | 46,16,405/- |
| 12. | सह दुय्यम निबंधक, खार (पश्चिम), मुंबई स्थित विवाह कार्यालय में रैंप की आपूर्ति | 43,14,914/- |
| 13. | सह दुय्यम निबंधक, खार (पश्चिम), मुंबई में शेड का निर्माण कार्य | 49,94,153/- |
| 14. | वार्षिक देखभाल व मरम्मत अंतर्गत अंधेरी (पूर्व), मुंबई स्थित 40 पुलिस हवलदार निवासों में दरवाजे, खिड़कियां, कड़ी/कोयंडा, शटर/फ्रेम, जल व मल निकासी लाइन एवं अन्य संबद्ध कार्य | 22,26,758/- |

निविदा स्वीकारने अथवा नकारने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. नि.) विभाग, अंधेरी (प.), मुंबई – 58 के पास सुरक्षित है. शर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी.
ई-निविदा उपलब्ध अवधिः 13.06.2025 से 20.06.2025 तक, समयः 15:00 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथिः 23.06.2025, समयः 15:00 बजे
जा.क्र.: काअ/उमुवि/निविदा/3990
कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, उत्तर मुंबई (सा. नि.) विभाग,
प्रशासकीय इमारत, पहली मंजिल, भवन्स कॉलेज के पास, दादाभाई रोड, अंधेरी (प.), मुंबई – 58
दिनांकः 9 जून 2025

**हस्ता./-**
**कार्यकारी अभियंता,**
**उत्तर मुंबई (सा. नि.) विभाग, अंधेरी (प.), मुंबई – 58**

**डीजीआयपीआर/2025-2026/1134**

# उन्हें गंभीरता से लेने की कोई जरूरत नहीं, राहुल गांधी और जयराम रमेश को लेकर बोले संबित पात्रा



एजेंसी

**कांग्रेस ने अमेरिका के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी दुनिया में बेहतरीन साझेदार बताए जाने पर बुधवार को कहा कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में क्या कहना है और क्या यह कूटनीतिक झटका नहीं है।**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के ट्वीट पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश और राहुल गांधी हमेशा पीएम मोदी पर हमला करने के नाम पर भारत को कठघरे में खड़ा करने की जल्दी में रहते हैं। उन्होंने जी7 के बारे में भी यही बातें कही थीं। लेकिन वे इस बारे में अपना चेहरा कहां छिपाएंगे? उन्हें गंभीरता से लेने की कोई जरूरत नहीं है। आज भारत वैश्विक मंच पर बहुत ऊंचे स्थान पर है। कांग्रेस ने अमेरिका के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी दुनिया में बेहतरीन साझेदार बताए जाने पर बुधवार को कहा कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में क्या कहना है और क्या यह कूटनीतिक झटका नहीं है। मुख्य विपक्षी दल ने एक खबर का भी हवाला दिया जिसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर अमेरिकी सेना दिवस समारोह के लिए वाशिंगटन डीसी का दौरा करने वाले हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मुनीर का दौरा भारत के लिए एक और बड़ा कूटनीतिक झटका है। अमेरिका की केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा है कि उनके देश को पाकिस्तान और भारत दोनों के साथ संबंध रखने होंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान इस समय आतंकवाद विरोधी लड़ाई में सक्रिय है

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-18 | 23.06.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BVI-H-365-25-1(Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 20'x20' (1) = 400 वर्ग फीट आकार के, गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिमोन्मुख, एसएसई (पी.वे) – बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 23-06-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-NIG-H-366-25-1(Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 20'x20' (2) V-आकृति के कुल 1600 वर्ग फीट आकार के, 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स- नायगांव आरओबी पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिये विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 23-06-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-MEL-OSN-154-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मरीन लाइंस (एमईएल) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 23-06-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401- 25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्ट्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 23-06-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-NDB-OSN-417-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नंदूरबार (एनडीबी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 23-06-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1(Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिज और सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 23-06-25 16:20:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-17 | 24.06.2025 को 14.00.00 बजे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-GMN-BS-71-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | गोरेगांव स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 24-06-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-STC-BS-68-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | सांताक्रूज स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 24-06-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-VLP-BS-69-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | विलेपार्ले स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 24-06-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-KILE-BS-72-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | कांदिवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 24-06-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-ADH-BS-67-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | अंधेरी स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 24-06-25 15:10:00 |
| 6 | MSS-BCT-BVI-BS-70-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | बोरीवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 24-06-25 15:20:00 |
| 7 | MSS-BCT-CCG-MedStn-73-25-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट (सीसीजी) रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 24-06-25 15:30:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

0250

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# एमए के छात्र की कार से कुचलकर हत्या

## आर्मी से रिटायर्ड पिता बोले- बेटे की बाइक को कार से टक्कर मारी, गिरने पर रौंदा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज,एमए के छात्र की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। छात्र प्रियांकर अपनी बाइक पर दोस्त के साथ जा रहा था। हमलावरों ने पहले कार से उसकी बाइक को टक्कर मारी। इससे प्रियांकर संभल नहीं सका और बाइक सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई।इससे प्रियांकर और उसका दोस्त सड़क पर गिर पड़े।फिर कार में बैठे युवकों ने दोनों को रौंद दिया।इसमें प्रियांकर की मौत हो गई, उसका दोस्त आदित्य चौहान घायल हो गया।उसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। प्रियांकर के 2 और दोस्त भी मौके पर मौजूद थे, लेकिन उसको बचा नहीं सके।बताया जा रहा है कि कार में बैठे लड़के दूसरे कॉलेज के थे।यह वारदात छात्रों के आपसी झगड़े का नतीजा है। वारदात नैनी के लेप्रोसी चौराहे पर


मृतक, प्रियांकर

बुधवार रात 1 बजे हुई थी।पिता बोले- सुबह 4 बजे दोस्त ने फोन करके एक्सीडेंट बताया बारा इलाके के गांव परसरा में रहने वाले संजय कुमार द्विवेदी आर्मी से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया- मेरा बेटा प्रियांकर (28) अल्लापुर में किराए पर कमरा लेकर एमए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई करता था। वह सीएमपी कॉलेज का छात्र था। बेटे के एक दोस्त का फोन आया। उसने बताया कि प्रियांकर अपने दोस्त के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। लेप्रोसी चौराहे पर एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।घायल दोस्त मध्यप्रदेश का रहने वाला, परिवार प्रयागराज आ रहा प्रियांकर के पिता संजय कुमार द्विवेदी ने बताया- जैसे ही बेटे की एक्सीडेंट की सूचना मिली।मैं फौरन लेप्रोसी चौराहे के लिए निकल पड़ा। एक घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंचा। वहां पता चला कि प्रियांकर और आदित्य को उसके साथी प्रशांत और राज स्वरूप रानी अस्पताल ले गए हैं। जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो पता चला कि प्रियांकर की मौत हो चुकी है, जबकि आदित्य घायल है।उसका इलाज चल रहा है।वह मध्यप्रदेश के सीधी में रहता है।उसके परिवार को भी इस घटना के बारे में बताया गया है। वो लोग प्रयागराज आ रहे हैं।दोस्तों ने रात 12 बजे फोन करके बुलाया संजय द्विवेदी ने बताया- प्रियांकर के साथ मेजा का रहने वाला प्रशांत मिश्रा और लोहगरा निवासी राज मिश्रा भी पढ़ते हैं। प्रियांकर को रात 12 बजे प्रशांत और राज ने फोन करके कहा कि बाइक लेकर आओ। यूनाइटेड कॉलेज चलना है।बेटा उनके साथ चला गया। उसके बाद क्या हुआ, मुझे नहीं पता।

# हीटवेव को लेकर डीएम ने जारी की एडवाइजरी

## अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं और डॉक्टरों के उपस्थित रहने के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और संगम नगरी प्रयागराज भी इससे अछूता नहीं है। जून की शुरूआत के साथ ही तापमान आसमान छूने लगा है। प्रयागराज का तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में पांचवां सबसे अधिक तापमान रहा। सबसे गर्म जिला आगरा रहा, जहां पारा 45.4 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने कई जिलों में लू को लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी कर दिया है प्रयागराज जिले में गर्मी का असर आम जनजीवन पर साफ देखा जा सकता है।पंखे और कूलर तक जवाब देने लगे हैं। बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लोग सुबह और शाम के समय भी घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। महिलाएं गॉगल्स, दुपट्टे और सनस्क्रीन के साथ खुद को ढंक कर ही बाहर निकल रही हैं। गर्मी से राहत पाने के



लिए लोग गन्ने का रस, शिकंजी, बेल का शरबत और नारियल पानी जैसे ठंडे पेय पदार्थों का जमकर सेवन कर रहे हैं। वहीं, डॉक्टरों ने लोगों को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए तरल पदार्थों का सेवन करने, धूप में न निकलने और सरकारी एडवाइजरी का पालन करने की सलाह दी है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ ने खुद सामने आकर लोगों को लू से बचाव को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा लोग दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें, घरों को ठंडा रखें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।पशुओं को भी छांव में रखें।डीएम की ओर से जारी एडवाइजरी में लोगों से अपील की गई है कि वे ऊपरी मंजिलों की बजाय निचली मंजिलों पर रहें, कपड़े को हल्का नम कर पंखे का प्रयोग करें और साफ-सुथरा पानी पीते रहें।प्रशासन ने शहर में प्याऊ लगवाने से लेकर अस्पतालों में कोल्ड रूम तक की व्यवस्था कर दी है।

हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए पर्याप्त दवाओं और डॉक्टरों की मौजूदगी सुनिश्चित की गई है।

## संक्षेप

### ट्रक-बाइक की टक्कर में महिला की मौत

**हादसे में घायल हुआ पति, चालक फरार**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर के श्रीरामनगर सिक्सलेन अंडरपास के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान गोविंदपुर निवासी 40 वर्षीय विद्यावती के रूप में हुई है। हादसे में पति रमेश कुमार निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। दरअसल, विद्यावती और रमेश कुमार निषाद बाइक से घर लौट रहे थे।इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।मृतका के शव को पंचनामा के लिए भेज दिया गया। घायल रमेश कुमार को प्राथमिक उपचार के लिए बिरसिंहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ब्राह्मण महिला को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में डाला

**कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, जिलाध्यक्ष ने माना चूक हुई**

सुलतानपुर, भाजपा की नगर मंडल कार्यकारिणी में जाति विवाद सामने आया है।नवनियुक्त कोषाध्यक्ष अल्का शुक्ला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा द्वारा जारी 16 सदस्यीय मंडल पदाधिकारियों की सूची में अल्का शुक्ला का नाम पिछड़ा वर्ग में दर्ज किया गया। अल्का शुक्ला ने नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल पर गलत तरीके से उन्हें पिछड़ा वर्ग में दशार्ने का आरोप लगाया है। अल्का शुक्ला ने बताया कि वह एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार से हैं।उनका पूरा नाम अल्का शुक्ला पत्नी शचिन्द्र शुक्ला है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से पार्टी के साथ छल हुआ है। साथ ही उनके परिवार की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है।बता दें कि अलका कभी भी भाजपा की सक्रिय सदस्य तक नहीं रही हैं।नगर अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने स्वीकार किया कि सूची में कुछ गलतियां हुई हैं। उन्होंने जल्द ही सुधार के साथ नई सूची जारी करने का आश्वासन दिया है। अल्का शुक्ला ने अपना इस्तीफा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष को भी भेजा है।

### हरिजन आबादी की जमीन पर कब्जा

**लेखपाल की जानकारी के बिना रात में हो रहा निर्माण, डीएम से शिकायत**

सुलतानपुर, बनकेपुर सरैया गांव में हरिजन आबादी की जमीन पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। गाटा संख्या 196 हरिजन आबादी के नाम दर्ज है और यहां करीब 10 लोगों को आवासीय पट्टा आवंटित है।वहां अवैध निर्माण किया जा रहा है।स्थानीय निवासी रेहाना पत्नी अब्दुल मजीद पर आरोप है कि वह अधिकारियों से मिलीभगत कर बिना हल्का लेखपाल की रिपोर्ट के रात में निर्माण कार्य करवा रही हैं।

# संपत्ति विवाद में कब्र से निकला शव

- सौतेले बेटे ने लगाया मां पर हत्या का आरोप, डीएम के आदेश पर पोस्टमार्टम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर में एक अजीब मामला सामने आया है। त्रिलोकी रैदास की मौत के 21 दिन बाद उनका शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के सौतेले बेटे राम प्रकाश ने अपनी मां रामवती पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम और एसपी को शिकायत भेजकर मामले की जांच की मांग की थी। इसके बाद तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह की मौजूदगी में कब्र से शव निकाला गया। तीन बच्चों की हो चुकी मौत ग्रामीणों के मुताबिक, त्रिलोकी रैदास ने करीब 35 साल पहले श्यामलाल की विधवा रामवती से शादी की थी। शादी से पहले रामवती का बेटा राम प्रकाश मकदूमपुर कला गांव में रह गया था। त्रिलोकी से रामवती को तीन बच्चे हुए, जिनकी असमय मौत हो चुकी है। मौत के बाद संपत्ति विवाद त्रिलोकी की मौत के बाद संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया है। रामवती का आरोप है कि उसे पहले भी मारपीट



का शिकार बनाया गया है। अब उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा मंडल कार्यकारिणी की घोषणा

## 19 मंडलों में 16-16 सदस्यीय टीम गठित, नगर समेत सभी इकाइयों में पदाधिकारी नियुक्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, भाजपा ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के अनुमोदन से 19 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रत्येक मंडल में 16 सदस्यीय टीम बनाई गई है। इसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री और 1 कोषाध्यक्ष शामिल हैं। नगर मंडल में शिवराम सोनकर, लालेन्द्र प्रताप सिंह, रेनू सिंह, मंजू तिवारी, अजय सिंह और हिमांशु गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सौरभ पांडेय और अनुज प्रताप सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। पंकज कुमार, मोहित साहू, प्रदीप मिश्रा, सतनाम सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता और संदीप गुप्ता को मंत्री नियुक्त किया गया है। अलका को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष



सुशील त्रिपाठी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# ट्रक चालक की मौत



- वाराणसी से लखनऊ जाते समय लंभुआ बाईपास पर हुआ बेहोश, मौके पर दम तोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बाईपास पर गुरुवार को एक ट्रक चालक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के सिवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के रामपुर सरहरी निवासी त्रिभुवन महतो (58) के रूप में हुई है। घटना के समय त्रिभुवन अपना ट्रक लेकर वाराणसी से लखनऊ की ओर जा रहे थे।

रास्ते में उन्हें बेचैनी महसूस हुई। इस पर उन्होंने अपना ट्रक बाईपास के किनारे खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# यूपी बोर्ड के टॉपर्स को मिला सम्मान

## अमेठी में 21 छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपए, टैबलेट और मेडल से किया गया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी में यूपी बोर्ड 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तहसील गौरीगंज सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। हाईस्कूल के 11 और इंटरमीडिएट के 10 मेधावी छात्रों को 21,000 रुपए का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में मंगलेश प्रजापति, अल्फिया बानो,



आदित्य त्रिपाठी, जयंत तिवारी, मोहम्मद हमजा, आयुषी सिंह, श्यामा, बिलाल अहमद, आस्था प्रजापति, गौरी और अमन तिवारी को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में शिवम यादव, अमन, पूर्णिमा यादव, अफाक अहमद, रिचा सिंह, अंशिका, दीपांजलि शुक्ला, हर्षिता यादव, सूर्यांश सिंह और प्रिंसी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, सम्मानित छात्रों के अभिभावक और शिक्षक भी मौजूद रहे। जिला स्तरीय अधिकारियों ने सभी मेधावी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार ब्लैकलिस्ट

## नाली निर्माण में गड़बड़ी मिलने पर नगर आयुक्त ने की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही उनकी जमानत राशि को भी जब्त करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने लापरवाही मिलने पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। ठेकेदार के साथ ही विभागीय जेई के खिलाफ भी कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं। वार्ड 32 एलमपुर में विकास काम में लापरवाही मिलने के बाद नगर आयुक्त ने सख्ती करते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को अल्टीमेटम जारी किया है। वार्ड 32 एलमपुर में बारिश



से पहले नाले के निर्माण का काम किया जा रहा है। विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बुधवार को इलाके का निरीक्षण किया था। उन्हें निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल की सूचना मिली थी। जब नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया तो उन्हें मौके पर घटिया निर्माण सामाग्री के इस्तेमाल से नाले का निर्माण होता मिला। जिसके बाद वह भड़क उठे थे और कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी जमकर फटकार लगाई थी। नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री को भी जब्त करते हुए संबंधित अवर अभियंता को इसकी जांच आईआईटी से कराने के निर्देश दिए थे। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच अब आईआईटी कानपुर या आईआईटी रुढ़की से कराई जाएगी। जिससे मानकों की सही जानकारी हो सके। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लापरवाही करने वाले ठेकेदारों और फर्म के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

विकास काम में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई भी ठेकेदार लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ तत्काल एक्शन लेते हुए उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

# महावन तहसील में किसानों का प्रदर्शन

## भाकियू ने लेखपालों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, बिजली-पानी समेत 13 मांगों का ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, तहसील महावन में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा क्षेत्र में चल रही समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन व नारेबाजी की गई। भाकियू अराजनैतिक व सैकड़ों किसानों ने तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की। तपती धूप में सैकड़ों पदाधिकारी अंगारों के बीच धरना में शामिल हुए। धरना प्रदर्शन लगभग 5 घंटे चला। संगठन पदाधिकारियों ने



चेतावनी दी कि एक घंटे में कोई जिलास्तरीय अधिकारी प्रदर्शन में नहीं आया तो तहसील मुख्य द्वार पर तालाबंदी की जाएगी। चेतावनी बात एसडीएम महावन कंचन गुप्ता तक पहुंची तो एसडीएम महावन कंचन गुप्ता तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता एवं नायब तहसीलदार किसानों के बीच वार्ता करने पहुंचे। संगठन के पदाधिकारी के साथ वातालार्प शुरू हुई। महावन तहसील अध्यक्ष धर्मवीर छौंकर के नेतृत्व 13 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम महावन कंचन गुप्ता व तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता को 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। भाकियू अराजनैतिक संगठन के मंडल उपाध्यक्ष मुकेश प्रधान ने बताया क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती,पानी आदि किल्लत लंबे समय से चल रही है जिसकी शिकायत कभी बार की गई

# ज्वैलर्स की दुकान से चोरी

## 3.75 लाख की सोने की चेन लेकर चोर फरार, जांच में जुटी पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, इन्हौना थाना क्षेत्र में एक चोर ने ज्वैलर्स की दुकान से सोने की चेन चोरी कर ली। घटना बीती शाम आठ बजे की है। योगेश ज्वैलर्स की दुकान पर आए चोर ने सोने की ज्वैलरी देखने का बहाना बनाया। उसने करीब 10 लाख रुपए की ज्वैलरी देखी। इस दौरान चोर ने चालाकी से 38 ग्राम की सोने की चेन अपनी जेब में रख ली। चोर ने दुकानदार से कहा कि वह बाकी सामान के लिए पैसे लेकर आएगा और मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद दुकानदार योगेश गुप्ता को चेन की चोरी का पता चला। पौने चार लाख रुपए कीमत की चेन गायब थी। दुकान के सीसीटीवी फुटेज में चोर को चेन जेब में रखते हुए देखा गया। यह चोर पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।

# कांग्रेस का संविधान बचाओ कार्यक्रम

## पूर्व एमएलसी दीपक सिंह बोले- भाजपा सरकार संविधान को कमजोर कर रही

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज विधानसभा के मंगलम महिला महाविद्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय प्रबंधक भोला नाथ तिवारी थे। पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाए।



उन्होंने कहा कि सरकार संविधान को कमजोर कर रही है। साथ ही लोकतंत्र को खत्म करने और देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। बोले- बेरोजगारी चरम पर पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने कहा कि देश में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समाज की आवाज बनकर उनके साथ खड़े हैं। संगठन प्रभारी ने किया संबोधित कार्यक्रम में संगठन प्रभारी अमेठी फरहान वारसी ने भी संबोधित किया।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी